तापमान
अधिकतम 43 .0 डिग्री सें
न्यूनतम 23 .8 डिग्री सें

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 10 जून 2026

11 कुश्ती टूर्नामेंट में लव गुलिया ने जीता कांस्य पदक



12 शुरू हुआ ड्रेन कवर करने का काम, मेयर ने किया निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### फ्लैट में चोरी व तोड़फोड़ करने वाला गिरफ्तार

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने फ्लैट में चोरी और तोड़फोड़ की घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान भूपेंद्र निवासी आजाद कॉलोनी, सेक्टर-3, बहादुरगढ़ (झज्जर) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पीतमपुरा (दिल्ली) निवासी प्रवीण ने शिकायत दी थी कि उसने कमासपुर स्थित एपेक्स ग्रीन सोसायटी में फ्लैट खरीदा हुआ है। 2 जून को फ्लैट पर पहुंचने पर उसे छत पर लगी खिड़की का शीशा टूटा मिला। जांच करने पर फ्लैट से किचन व अन्य घरेलू सामान चोरी मिला। साथ ही सोफा और डबल बेड के गद्दों को भी तेजधार हथियार से काटकर नुकसान पहुंचाया गया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### पिस्तौल और कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** एसयूएजी यूनिट सेक्टर-7 की टीम ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नितेश निवासी रामदेव चौक, नरेला (दिल्ली) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 7 जून को एएसआई अमित अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक नाथूपुर मोड़ जीटी रोड पर अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक देशी पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### मानसून से पहले मंडराने लगा करंट का खतरा, संकट में फंसी जान

# बिजली पोल से चिपका मासूम मां ने चुन्नी से खींचकर बचाया

**30 सेकेंड तक पोल से चिपका रहा बच्चा**

**गुड़ मंडी गेट के पास लोहे के पोल में उतरा करंट मां के साथ खरीदारी करने आया था बच्चा**

बिजली निगम की लापरवाही पर फूटा शहरवासियों का गुस्सा, शिकायत के बावजूद नहीं उठा फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

मानसून से पहले शहर में बिजली व्यवस्था की खामियां लोगों के लिए खतरा बनती नजर आ रही हैं। मंगलवार देर शाम गुड़ मंडी गेट के पास मुथुट फाइनेंस बैंक के सामने एक बड़ा हादसा टल गया, जब लोहे के पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर एक मासूम बच्चा करीब 30 सेकेंड तक उससे चिपका रहा। मौके पर मौजूद उसकी मां ने साहस और सूझबूझ दिखाते हुए चुन्नी की मदद से बच्चे को खींचकर उसकी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुड़ मंडी गेट के पास एक फल विक्रेता की दुकान के निकट लगे लोहे के पोल में बिजली का करंट आ गया था। इसी दौरान अपनी मां के साथ खरीदारी करने आया बच्चा पोल के संपर्क में आते ही करंट की चपेट में आ गया। बच्चा पोल से चिपक गया और उसकी मां मदद के लिए चिल्लाती रही। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन करंट के डर से कोई भी बच्चे को छुड़ाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। आखिरकार मां ने अपनी चुन्नी का इस्तेमाल करते हुए बच्चे को पोल से अलग किया। इसके बाद बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गनीमत रही कि समय रहते उसे बचा लिया गया और उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है।



सोनीपत। गुड़ मंडी में हादसे के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़।

### जगह- जगह लटक रहे बिजली के नंगे तार



इसी पोल में उतरा था करंट

घटना के बाद लोगों ने बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद कई जगह लटकते और नंगे बिजली के तारों को नहीं बदला जा रहा। उनका कहना है कि अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क करना भी मुश्किल होता है। लोगों ने मानसून से पहले शहर में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने और खतरनाक तारों व पोलों की तत्काल जांच कराने की मांग की है।




### बाइक सवारों ने कॉलेज से लौट रही महिला क्लर्क से पर्स झपटा

- बीज मार्केट के पास वारदात, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की तलाश

**सोनीपत।** मुरथल रोड स्थित जीवीएम कन्या महाविद्यालय की एक महिला क्लर्क से बाइक सवार तीन युवकों द्वारा पर्स झपटने का मामला सामने आया है। पर्स में करीब सात ग्राम सोने का मंगलसूत्र और 1500 रुपये की नकदी रखी हुई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंदिरा कॉलोनी निवासी रीना ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह जीवीएम कॉलेज में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। सोमवार शाम ड्यूटी समाप्त करने के बाद वह रिक्शा में सवार होकर घर लौट रही थीं। जब वह बीज मार्केट के पास पहुंचीं, तभी पीछे से बाइक पर सवार तीन युवक आए और उनका पर्स झपटकर फरार हो गए।

महिला ने बताया कि पर्स में करीब सात ग्राम सोने का मंगलसूत्र और 1500 रुपये नकद थे। घटना के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## जिला जेल में बंदियों के बीच खूनी संघर्ष, दो घायल

- नई जेल ब्लॉक में खाने के पतीले बने हथियार, आठ बंदियों पर मामला दर्ज
- मारपीट में दो बंदियों के सिर फूटे, जेल स्टाफ ने बीच-बचाव किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला कारागार में रविवार देर रात बंदियों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। नई जेल ब्लॉक में कुछ बंदियों ने खाना बांटने वाले लोहे के पतीलों से हमला कर दो हवालातियों को घायल कर दिया। दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद जेल प्रशासन ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल भेजा।

जेल के उपाधीक्षक संदीप कुमार की शिकायत पर कोर्ट कॉम्प्लेक्स चौकी पुलिस ने आठ बंदियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार 7 जून की रात करीब 10:45 बजे नई जेल ब्लॉक नंबर-1(2) से शोर-शराबे और मारपीट की आवाजें सुनाई दीं। सूचना मिलते ही जेल अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि बंदी ओम सागर, संदीप और सतीश कुमार हाथों में लोहे के पतीले लेकर राहुल और मोनू पर हमला कर रहे थे। आरोप है कि उन्होंने पतीलों से दोनों के सिर पर वार किए, जिससे वे घायल हो गए। इसी दौरान अन्य बंदी सुनील, अक्षय, मुकेश, दीपक और विशाल भी झगड़े में शामिल हो गए और घायल बंदियों के साथ मारपीट की।

जेल कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर हालात पर काबू पाया। जेल चिकित्सक डॉ. कनिष्क कुमार ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया, जिसके बाद सिर में चोट लगने के कारण उन्हें सामान्य अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




**सरगथल में प्रदेश की सबसे ठंडी रात, दिन में पारा 43 डिग्री पहुंचा**

# दिन में लू ने झुलसाया, शाम को धूल भरी आंधी से मिली राहत

**सोनीपत।** जिले में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। मंगलवार को दिनभर तेज धूप और लू ने लोगों को बेहाल रखा, जबकि शाम को चली धूल भरी आंधी और रात के तापमान में गिरावट से कुछ राहत मिली। सरगथल क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। वहीं, दिन का अधिकतम तापमान करीब 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मंगलवार सुबह से ही तेज धूप के कारण गर्मी का असर महसूस होने लगा था। दोपहर तक तापमान बढ़ने के साथ करीब 16 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से लू चली, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी के चलते दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर आवाजाही भी कम रही। शाम होते-होते मौसम ने करवट बदली और आसमान में हल्के बादल छा गए। इसके साथ ही धूल भरी आंधी चली, जिससे तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। जिले के जगदीशपुर केंद्र पर न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



### तीन से चार दिन तक आंधी और बूंदाबांदी के आसार

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आगामी तीन से चार दिनों तक मौसम में बदलाव बना रह सकता है। इस दौरान गरज-चमक के साथ तेज धूल भरी हवाएं चलने और कुछ स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। विभाग ने 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. प्रेमदीप के अनुसार आगामी दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं धूल भरी हवाओं के बीच जिले का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 169 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले एक-दो दिन मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है।



# धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

## लाइफ Style

# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।



## हॉलीवुड मसाला



# नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




# कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरी: द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



# श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज

**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



# प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्वल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

## टीवी मसाला



# टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

## बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

# नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के



साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

# ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव



के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

## मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

# राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला

*नई दिल्ली। राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

**खबर संक्षेप**

### चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना शहर गोहाना पुलिस ने दुकान से बाइकक चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली। आरोपित गोहाना की कबीर बस्ती निवासी देव पुत्र राम प्रसाद है। शहर के गौतम नगर निवासी समिम पुत्र कयुम ने 7 को थाना शहर गोहाना में बाइक चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। समिम की गौतम नगर में दुकान है। 5 जून को यहां सेडसकी बाइक चोरी कर ली गई थी। थाना शहर गोहाना की अनुसंधान टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही सुधीर ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते घटना में संलिप्त उक्त आरोपित को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया।

### नाहरी में 4.5 एकड़ में अवैध कॉलोनी ध्वस्त

**सोनीपत।** सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण(एसएमडीए) की टीम ने गांव नाहरी की राजस्व संपदा पर लगभग 4.5 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनी को ध्वस्त किया गया। इस दौरान 02 प्रोपर्टी डीलर कार्यालय, डब्ल्यूबीएम रोड नेटवर्क, सीवर लाईन व बिजली के खंभों को ध्वस्त किया गया। एसएमडीए की जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सड़क, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती है।

### पांच साल के टेंडर का किया विरोध, आंदोलन की चेतावनी

# समान काम-समान वेतन और कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

**बैठक में बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों ने भाग लिया और मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम पार्क में मंगलवार को ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ एवं सहयोग बलि सेना यूनियन की ओर से जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित की । बैठक की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। प्रधान मुकेश टांक ने कहा कि सोनीपत में सफाई व्यवस्था का टेंडर पांच वर्ष के लिए दिए जाने से ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच विरोध करता है। उनका आरोप है कि सरकार द्वारा ठेका सफाई कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछली हड़ताल के बाद नियमित और ग्रामीण सफाई कर्मचारियों पर समान काम-समान वेतन लागू कर उनका एरियर भी खातों में भेज दिया गया, लेकिन ठेका सफाई कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है। कहा कि ठेका सफाई कर्मचारी भी वही कार्य करते हैं, बल्कि कई स्थानों पर नियमित और ग्रामीण कर्मचारियों से अधिक जिम्मेदारी निभाते हैं। ऐसे में उन पर भी समान काम-समान वेतन लागू किया जाना चाहिए तथा उन्हें कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए। मंच ने उन संगठनों की आलोचना की जो ठेका प्रथा के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने जल्द ही ठेका प्रथा समाप्त करने, समान काम-समान वेतन लागू करने और कर्मचारियों को उचित दर्जा देने संबंधी मांगें नहीं मानीं तो सोनीपत में बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद यूनियन के पदाधिकारी साथ में कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

बैठक में सावन कुमार, मुकेश कर्मा, अजय, सोनू रितेश, अमित, विजय तोमर, माया, अनिता, पूनम सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।



सोनीपत। जागरूकता अभियान के दौरान कर्मचारी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### जागरूकता अभियान प्रारंभ

**सोनीपत।** गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए श्रम विभाग की ओर से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सहायक श्रम आयुक्त रिंकू ने बताया कि अभियान के तहत डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सेवा प्रदाता, राइड शेयरिंग, लॉजिस्टिक, हेल्थकेयर, ट्रैवल, हॉस्पिटैलिटी, कंटेंट एवं मीडिया सेवा प्रदाता, निर्माण श्रमिक तथा अन्य प्लेटफॉर्म आधारित श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। रिंकू ने बताया कि केंद्र सरकार ने गिग एवं प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हाल ही में आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी गिग वर्कर्स को देने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण और सक्रिय ई-श्रम कार्ड जरूरी है। उन्होंने कहा कि श्रमिक स्वयं मोबाइल फोन से या नजदीकी सीएससी केंद्र पर जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं। हरियाणा सरकार भी स्वास्थ्य सेवाएं, जीवन बीमा, दुर्घटना बीमा सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। रिंकू ने अधिक से अधिक श्रमिकों से पंजीकरण करवाने की अपील की।

# 55 मेधावी विद्यार्थियों का दल साहसिक प्राकृतिक अध्ययन शिविर के लिए रवाना

■ जिला परियोजना संयोजक, नोडल अधिकारी डॉ. अतर सहित अन्य अधिकारियों ने दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। दल को रवाना करती जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री व अन्य।

जिले के सभी 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के मेधावी 55 छात्र-छात्राओं का दल ग्रीष्मकालीन साहसिक एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर के लिए मंगलवार को मनाली के लिए रवाना हुआ।

जिला परियोजना संयोजक कृष्णा खत्री ने सभी विद्यार्थियों व एस्कॉर्ट टीचर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थियों के समूह में 33 छात्राएं 22 छात्र शामिल रहे। साथ ही विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय सोनीपत से भूगोल प्रवक्ता सुनीता, पीएमश्री राजकीय विद्यालय अकबरपुर बारोटा से रसायन शास्त्र प्रवक्ता इंदुबाला, पीएमश्री राजकीय विद्यालय खरखौदा से इतिहास प्रवक्ता देवेंद्र को बतौर एस्कॉर्ट टीचर भेजा गया। जिला सहायक परियोजना समन्वयक एवं नोडल अधिकारी डॉ. अतर सिंह ने बताया कि सभी विद्यार्थियों और एस्कॉर्ट टीचर्स का चयन विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से मेरिट के आधार पर किया गया।

# बाबा बंदा सिंह बैरागी ने धर्म, राष्ट्र और मानवता की रक्षा के लिए जीवन समर्पित किया: पटवा

■ चोपड़ा कॉलोनी में बाबा बंदा सिंह बैरागी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

मंगलवार को शहर की चोपड़ा कालोनी में बाबा बंदा सिंह बैरागी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में बाबा बंदा सिंह बैरागी को याद किया गया।

मुख्य अतिथि विश्वकर्मा पांचाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साहब सिंह पटवा ने कहा बाबा बंदा सिंह बैरागी ने धर्म, राष्ट्र और मानवता की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। वह एक महान योद्धा, अद्वितीय सेनानायक एवं वीरता के प्रतीक थे। समारोह की अध्यक्षता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह डांगी ने की। उन्होंने कहा मुगलों ने बाबा बंदा सिंह बैरागी के सामने उनके चार साल के बेटे को टुकड़ों में काटकर उनके दिल को उनके मुंह में ठूस दिया। तब भी इस्लाम कबूल न करने पर उनके दाएं पैर और उनके दोनों हाथों को काट डाला और उनकी आंखें निकाल ली गई और फिर चंमडी उतारी गई और शरीर के दूसरे अंगों को भी काट डाला और अंत में 9 जून 1716 को उनके सिर को काटकर शरीर से अलग कर दिया। एडवोकेट कर्मवीर पांचाल, सतपाल डांगी, तहसीलदार पुरुषोत्तम पांचाल, कर्मवीर मिर्जापुर, रमेश पांचाल, राजेश पांचाल, मुखत्यार सिंह दांगी, रामनिवास पांचाल मौजूद रहे।



गोहाना। बाबा बंदा सिंह बैरागी को याद करतेहुए नागरिक।



गन्नौर। भोगीपुर में ग्रामीणों से बातचीत करते अधिकारी व मौके पर मौजूद पुलिस बल।

### भोगीपुर से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र तक 11 केवी लाइन बिछाने का विरोध

**गन्नौर।** भोगीपुर पावर हाउस से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र पावर हाउस तक 11 केवी बिजली लाइन शिफ्ट करने की विद्युत निगम की योजना का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए कार्य रुकवा दिया। निगम की ओर से दोनों पावर हाउसों के बीच वैकल्पिक बिजली आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने के लिए नई लाइन बिछाई जा रही है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर एक पावर हाउस का लोड दूसरे पर स्थानांतरित किया जा सके और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके। ग्रामीणों के विरोध की सूचना मिलने पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं पंचायती राज विभाग के एसडीओ विपुल छोक्कर, पुलिस कर्मियों तथा विद्युत निगम के शहरी एसडीओ सतीश गोयत मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें योजना की जानकारी दी और इसके लाभ समझाए। अधिकारियों ने बताया कि लाइन बिछने के बाद भोगीपुर पावर हाउस से जुड़े गांवों को भी इसका लाभ मिलेगा। यदि किसी कारणवश भोगीपुर पावर हाउस की बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है तो बड़ी औद्योगिक क्षेत्र पावर हाउस से सप्लाई दी जा सकेगी।

# जर्नल बॉडी की मीटिंग 15 जून को होगी

■ सिसाना गोशाला के प्रधान पद को लेकर हो रहे विवाद के बीच प्रशासन ने मामले में का हस्तक्षेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

सिसाना गोशाला के प्रधान पद को लेकर हो रहे विवाद के बीच प्रशासन ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए स्थिति स्पष्ट करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। मंगलवार को रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी विभाग के प्रतिनिधि हितेंद्र कादयान ने पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित पक्षों के साथ बैठक कर स्पष्ट किया कि यदि 15 जून तक सर्वसम्मति से प्रधान का चयन नहीं होता है तो नियमानुसार चुनाव कराए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया में सरकारी प्रतिनिधि की मौजूदगी भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी प्रकार का विवाद या कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। गोशाला के प्रधान पद को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। पहले एक ही दिन में तीन अलग-अलग व्यक्तियों को प्रधान घोषित कर दिया गया था, जिसके चलते असमंजस की स्थिति बन गई थी। बाद में आयोजित एक पंचायत में रणदीप दहिया को प्रधान चुना गया, लेकिन पहले घोषित किए गए प्रधानों में से एक व्यक्ति बैठक में मौजूद नहीं था और उसने इस फैसले को मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्ष अपने-अपने दावे करते रहे। विवाद बढ़ने पर गढ़ी सिसाना में भी पंचायत आयोजित की गई, जिसमें मौजूद लोगों ने रामकुमार को ही प्रधान मानने की बात कही। विरोधाभासी दावों के चलते मामला प्रशासन तक पहुंच गया। कानून व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए प्रशासन द्वारा मामले की जांच के आदेश दिए गए। साथ ही रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने सभी पक्षों से आपसी सहमति से समाधान निकालने का आग्रह किया। पंचायत प्रतिनिधियों दहिया खाप प्रधान सुरेंद्र बाणिया, चांद पहलवान, आनंद दहिया, भूपेंद्र दहिया व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आश्वासन दिया कि 15 जून तक बिना किसी विवाद के सर्वसम्मति से प्रधान का चयन का लिया जाएगा। यदि ऐसा नहीं होता है तो विभाग की ओर से नियमानुसार चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



खरखौदा। हितेन्द्र कादयान के साथ पंचायती व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**न्यूज डायरी**

### ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट में लव ने जीता कांस्य



**गन्नौर ।** गांव पुरखास के युवा पहलवान लव गुलिया ने उत्तर प्रदेश के गोंडा में 6 से 8 जून तक आयोजित ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। लव गुलिया की इस उपलब्धि से गांव पुरखास और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। लव गुलिया अर्जुन अवार्डी पहलवान रमेश गुलिया के पुत्र हैं, जो हरियाणा पुलिस में डीएसपी के पद पर कार्यरत हैं। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली पहलवानों ने भाग लिया। लव गुलिया ने पदक की राह में कुल पांच मुकाबले खेले। पहले मुकाबले में उन्होंने महाराष्ट्र के पहलवान को हराकर जीत के साथ शुरुआत की। इसके बाद दूसरे और तीसरे मुकाबले में हरियाणा के पहलवानों को पराजित कर अपनी दावेदारी मजबूत की। चौथे मुकाबले में उन्हें उत्तर प्रदेश के पहलवान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने वापसी करते हुए पांचवें मुकाबले में हरियाणा के पहलवान को हरा कर कांस्य पदक अपने नाम किया। ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और परिवार के सदस्यों ने लव गुलिया को बधाई दी।



### छात्र-छात्राओं को योग का अभ्यास करवाया

**गन्नौर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) राजलूगढ़ी में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयुष विभाग हरियाणा एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी सोनीपत के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी (एएमओ) डॉ. दिनेश दत्त, योग प्रशिक्षक धीरज कुमार एवं पूजा ने संस्थान के छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। डॉ. दिनेश दत्त ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताया। संस्थान के इंचार्ज अशोक कुमार ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्जावान और तनावमुक्त जीवन जी सकता है।

### अंजान व्यक्ति को जीवनदान देने से बड़ा कोई दान नहीं : मंगला



सोनीपत। शिविर में रक्तदाताओं की जांच करते हुए चिकित्सक एवं मेडिकल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

**सोनीपत।** मंगला परिवार और दि महाराजा अग्रसेन कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-14 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में स्वैच्छिक रक्तदान महाअभियान आयोजित किया गया। शिविर में 700 से अधिक लोगों ने भाग लेकर मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इस दौरान 202 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राहुल मंगला और पंकज मंगला ने किया। रक्तदान शिविर का संचालन लायंस क्लब दिल्ली की चिकित्सकीय टीम ने किया। रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच और सुरक्षित रक्त संग्रह की व्यवस्था की गई। राहुल मंगला ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है। किसी अज्ञात व्यक्ति को जीवनदान देने से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। समाज का अभूतपूर्व सहयोग इस बात का प्रमाण है कि हमारे नागरिक सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति पूर्णतः जागरूक हैं।



गोहाना। दहेज मुक्त समाज का निर्माण करने का संकल्प लेते महिलाएं।

### दहेज प्रथा उन्मूलन के लिए महिलाओं को किया जागरूक

**गोहाना।** मंगलवार को गांव बड़ौता में दहेज प्रथा उन्मूलन विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में व्याप्त दहेज जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा महिलाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में महिलाओं ने दहेज मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता डब्ल्यूसीडीपीओ सुशीला देवी ने कहा कि दहेज प्रथा केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और समानता के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। दहेज के कारण न केवल अनेक परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं तथा कई बार यह सामाजिक तनाव, पारिवारिक विवाद और महिलाओं के प्रति उत्पीडन का कारण भी बनता है। दहेज अनेक परिवारों के टूटने का कारण भी बनता है। विशिष्ट वक्ता सर्किल सुपरवाइजर अंजलि ने कहा कि विवाह एक पवित्र सामाजिक बंधन है, जिसे लेन-देन का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। दहेज की मांग करना और देना दोनों ही कानूनन अपराध हैं तथा इसके विरुद्ध कठोर कानूनी प्रावधान बनाए गए हैं। अगर कोई शाद में दहेज की मांग करता है तो उसकी प्रशासन से शिकायत करें।

# एसडीएम ने बाढ़ नियंत्रण कार्यों का किया निरीक्षण

■ प्रशासन पूरी तरह से सतर्क, आमजन को नहीं होने देंगे कोई परेशानी : अंकित कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

मानसून सत्र को ध्यान में रखते हुए एसडीएम अंकित कुमार ने उपमंडल क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण व वर्षा जल निकासी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वे क्षेत्र से गुजरने वाली विभिन्न ड्रेनों, ड्रेन हेड, पंप हाउसों पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसडीएम ने माहरा हेड, ड्रेन नंबर-8, वजीरपुरा से खंदराई ड्रेन, छपरा ड्रेन, भम्भेवा ड्रेन, बनवासा पंप हाउस, घड़वाल ड्रेन, छपरा गांव में चल रहे पाइपलाइन कार्य, भम्भेवा सब लिंक ड्रेन तथा कोहला ड्रेन, का निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था को देखा। अंकित कुमार ने कहा कि मानसून के दौरान किसानों और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। उन्होंने ड्रेनों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था तथा बाढ़ नियंत्रण से जुड़े कार्यों को समयावधि में शीघ्र पूरा कराने व ड्रेनों व नालों में बनाए गए अवरोधक हटाने के निर्देश दिए।



गोहाना। एसडीएम अंकित कुमार अधिकारियों के साथ गांव बनवासा में छपरा ड्रेन का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पढ़ाई के साथ खेलों में प्रतिभा तराशें युवा : इंदुराज



**गोहाना।** मंगलवार को बरोदा में बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने नवनिर्मित कुश्ती हाल का उद्घाटन किया। इस हाल के निर्माण के लिए विधायक ने अपने कोटे से 33.92 लाख रुपये दिए थे। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। हरियाणा की पहचान खेलों और विशेष रूप से कुश्ती से रही है। नया कुश्ती हाल क्षेत्र के युवाओं और पहलवानों को आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण का अवसर देगा, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि युवा पढ़ाई के साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा तराशें। कांग्रेस सरकार बनने पर खिलाड़ियों के लिए पहले की तरह पदक लाओ, पद पाओ नीति लागू की जाएगी। प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को उचित नकद पुरस्कार और सरकारी नौकरी देने की व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर सरपंच वजीर भाटिया, पूर्व सरपंच दलबीर मोर, दलीप मोर, सतबीर मोर और डा. राजेश रहे।

### जैन मंदिर में धार्मिक शिक्षण शिविर, अर्हं ध्यान योग और एक्यूप्रेशर कैंप

# नियमित योग करने से ही स्वस्थ जीवन संभव : ज्ञानमोती

**शुद्ध आहार स्वस्थ शरीर का आधार : ब्रह्मचारी मनोज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी सोनीपत में जैन पाठशाला और महिला जैन मिलन के तत्वावधान में धार्मिक शिक्षण शिविर, अर्हं ध्यान योग और एक्यूप्रेशर कैंप आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम ज्ञानमोती माता के सानिध्य में तथा सांगानेर से पधारे पंडित अमन शास्त्री, विपिन शास्त्री और ब्रह्मचारी मनोज के मार्गदर्शन में चल रहा है। ज्ञानमोती माता ने कहा कि योग के माध्यम से ही व्यक्ति निरोग रह सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती शारीरिक और मानसिक समस्याओं के बीच योग का महत्व और बढ़ गया है। ब्रह्मचारी मनोज ने कहा कि शुद्ध आहार स्वस्थ शरीर का आधार है। शशि जैन और उषा जैन ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों में धार्मिक संस्कार विकसित करना है। महक जैन और नैना जैन ने लोगों से योग व एक्यूप्रेशर कैंप का लाभ लेने की अपील की। मुकेश जैन, एसके जैन, जगदीश जैन, जयकुमार जैन, मधु जैन, निपुण जैन, संतोष जैन, प्रेरणा जैन, नूपुर जैन, निशा जैन, ऋतु जैन, मनोज जैन, रॉकी जैन आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान ज्ञानमोती माता के साथ महिला श्रद्धालुगण।

### ताड़ासन से शरीर में स्थिरता : सतवीर सिंह



सोनीपत। पार्क में योग अभ्यास करते साधक।

**सोनीपत।** लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति द्वारा मॉडल टाउन स्थित लेडीज पार्क में चल रहे योग शिविर में 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत योग साधकों को ताड़ासन का अभ्यास कराया गया। समिति के उपप्रधान सतवीर सिंह ने बताया कि ताड़ासन के नियमित अभ्यास से शरीर में स्थिरता आती है तथा मेरुदंड से संबंधित नाड़ियों में रक्त संचार बेहतर होता है। उन्होंने ताड़ासन की विधि और इसके लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि यह आसन शरीर के संतुलन और एकाग्रता को मजबूत करता है। साथ ही उन्होंने सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि आर्थराइटिस, वैरिकोज वेन्स या चक्कर आने की समस्या से ग्रस्त लोगों को यह आसन नहीं करना चाहिए। शिविर में कमर, गर्दन और घुटनों के सूक्ष्म व्यायाम के अलावा कपालभाति, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम और शीतली प्राणायाम का भी अभ्यास कराया गया। विशेष रूप से आमंत्रित मेडिटेशन एक्सपर्ट रेखा ने प्रतिभागियों को ध्यान की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।

### तीन दिवसीय शिविर कन्या कॉलेज में कल से

**खरखौदा।** 12वें विश्व योग दिवस की तैयारियों के तहत नागरिक प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ब्लॉक स्तर पर आयोजन किया जाएगा। योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खरखौदा ब्लॉक में तीन दिवसीय खंड स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा ।ब्लॉक नोडल ऑफिसर डॉ सतीश भोला ने बताया खंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सावित्रीबाई फुले कन्या महाविद्यालय खरखौदा में 11 से 13 जून को सुबह 5.45 से सुबह 7.30 बजे तक किया जाएगा।

### बैठक में किसानों की समस्याओं पर किया मंथन



**गन्नौर ।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) की बैठक हलका प्रधान बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई । बैठक में किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं। बैठक में किसानों ने अगवानपुर रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन अंडरपास का कार्य जल्द पूरा कराने की मांग उठाई। किसानों ने कहा कि निर्माण कार्य में देरी के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा गन्नौर रेलवे रोड पर बने गहरे गड्ढों को भरवाने, धान सीजन को देखते हुए किसानों को डीएपी एवं यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग भी रखी गई। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बरसात के दौरान सड़कों पर जलभराव की समस्या का भी समाधान करने की मांग उठाई गई। बलजीत मलिक ने कहा कि किसानों की सभी मांगों को संबंधित विभागों और प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 से 12 जून तक हरिद्वार में किसान चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के किसान भाग लेकर कृषि और किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

3 करोड़ रुपये से तैयार किया जा रहा भवन

# जिले के बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 12 साल बाद भी ईएसआई डिस्पेंसरी अधूरी

## फिलहाल 5 कमरों के अस्थायी भवन में चल रही ईएसआई डिस्पेंसरी, बजट के कारण अटका काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में निर्माणाधीन ईएसआई डिस्पेंसरी का 10 प्रतिशत काम करीब 4 माह से अधर में लटका हुआ है। अगर शेष बिजली संबंधी कार्य को पूरा कर लिया जाता है, तो यहां करीब 12 साल बाद कार्यरत कामगारों को ईएसआई डिस्पेंसरी की सौगात मिल सकती है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने यहां 1500 मीटर जमीन पर 3 करोड़ रुपये की लागत से दो मंजिला ईएसआई डिस्पेंसरी भवन का निर्माण किया है। भवन में फिलहाल बिजली संबंधी कुछ कार्य शेष बचे हैं, इन्हें पूरा करवाने के लिए मुख्यालय से बजट की मांग की गई है। फिलहाल बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में किराये के 5 कमरों के अस्थायी भवन में ईएसआई डिस्पेंसरी का संचालन हो रहा है।

सिटी पल्स

### 2014 में आवंटित की थी जमीन

हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में ईएसआई के भवन निर्माण के लिए वर्ष 2014 में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को जमीन आवंटित की थी। लंबे इंतजार के बाद विभाग ने मई 2024 में डिस्पेंसरी के निर्माण के लिए टेंडर अलॉट किया था। नवंबर 2024 में नक्शे को मंजूरी मिलने के बाद ठेकेदार ने निर्माण कार्य शुरू किया था। अब ईएसआई डिस्पेंसरी के भवन निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है, लेकिन बजट की कमी में रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। उधर अधिकारियों का दावा है कि ईएसआई भवन में बचे शेष कार्य जल्द पूरा करने के बाद भवन में केंद्रीय ईएसआई विभाग के सुपुर्द कर दिया जाएगा। इसके बाद भवन की जिम्मेदारी राज्य ईएसआई विभाग को मिल सकती है।



सोनीपत। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में निर्माणाधीन ईएसआई डिस्पेंसरी का भवन।

### बजट मिलते ही पूरा होगा कार्य

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की ओर से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में ईएसआई डिस्पेंसरी भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। कुछ बिजली संबंधी कार्य शेष बचे हैं, इन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। विभाग ने बजट मिलते ही शेष कार्य को पूरा करवाने का लक्ष्य रखा है। डिस्पेंसरी के नए भवन का निर्माण होने के बाद इसे संबंधी विभाग को सौंप दिया जाएगा।

-सतपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

### करीब 12 हजार कामगारों को मिल सकती है बड़ी सौगात

डिस्पेंसरी का भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों व मजदूरों के लिए यह स्वास्थ्य संबंधी बड़ी सौगात होगी। यहां कार्यरत करीब 10 हजार ईएसआई कार्ड धारकों सहित 12 हजार कार्यरत श्रमिकों व उनके परिजनों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। फिलहाल औद्योगिक क्षेत्र में किराए के 5 कमरों के एक भवन में अस्थाई तौर पर ईएसआई केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

### किराए के भवन में पूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव

कई वर्ष पहले बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में ईएसआई डिस्पेंसरी की शुरुआत की गई थी। फिलहाल अस्थायी जगह पर चल रही ईएसआई डिस्पेंसरी में पूर्ण स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं भी नहीं हैं। चिकित्सकों के साथ यहां स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के अभाव में ज्यादातर कामगारों को आपातकालीन स्थित में इलाज के लिए सोनीपत अस्पताल में भेज दिया जाता है

### डिस्पेंसरी समय की मांग



बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में आधुनिक ईएसआई डिस्पेंसरी समय की मांग है। वक्त के साथ औद्योगिक इकाईयों में कामगारों की संख्या में इजाफा हो रहा है, लेकिन क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों के लिए आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। उधर ईएसआई डिस्पेंसरी का निर्माण कई साल से अधर में लटका है। निर्माण कार्य पूरा करने में लगातार समय में बदलाव किया जा रहा है।

-संजय जैन, सचिव, बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन

### जल्द करें निर्माण



अधिकारियों को ईएसआई डिस्पेंसरी का निर्माण जल्द पूरा करवाना चाहिए, ताकि क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों को उचित स्वास्थ्य सुविधाओं का यही लाभ मिल सके। फिलहाल कामगारों को बड़ी बीमारियां होने या आपातकाल के दौरान सोनीपत नागरिक अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे है।

-सरदार हरप्रीत सिंह, सचिव, एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन

---

माफी की उठाई मांग, आंदोलन की चेतावनी

# रेणु भाटिया की टिप्पणी पर भड़का नर्सिंग स्टाफ, 2 घंटे रहा पेन डाउन

## आपातकालीन और लेबर वार्ड में सेवाएं जारी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुरुक्षेत्र स्थित लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया की कथित टिप्पणियों पर पनपा विवाद सोनीपत तक पहुंच गया है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल परिसर में नर्सिंग स्टाफ ने कुरुक्षेत्र अस्पताल के स्टाफ कर्मियों का समर्थन करते हुए 2 घंटे तक पेन डाउन हड़ताल कर रोष जताया। धरने पर बैठी नर्सिंग स्टाफ सदस्यों ने रोष जताते हुए मांग की, कि महिला आयोग चेयरपर्सन अगर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगती हैं, तो पूरे प्रदेशभर में नर्सिंग स्टाफ आंदोलन काम छोड़कर आंदोलन करने पर विवश होगा। हालांकि अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की पेन डाउन हड़ताल के दौरान आपातकालीन व लेबर वार्ड में सेवाएं जारी रही। नागरिक अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ सदस्यों ने कहा कि महिला आयोग की चेयरपर्सन के कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल में निरीक्षण के दौरान की गई टिप्पणियों से पूरे नर्सिंग समुदाय का सम्मान आहत हुआ है। सोनीपत के नागरिक अस्पताल में 2 घंटे पेन डाउन हड़ताल के दौरान आपातकालीन सेवाएं व लेबर वार्ड में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित की गई, जबकि अन्य सेवाएं 2घंटे के लिए प्रभावित रहीं। इस दौरान जिला नर्सिंग संगठन की अध्यक्ष कमलेश मलिक ने कहा कि आयोग की चेयरपर्सन का बिना किसी जांच के पूरे नर्सिंग स्टाफ पर सवाल उठाना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया और इंटरनेट पर वायरल वीडियो में भी ऐसी टिप्पणियां सुनाई दे रही हैं, जिससे नर्सिंग स्टाफ कर्मचारियों की भावनाएं आहत हुई हैं। उनकी मांग है कि आयोग चेयरपर्सन अपनी टिप्पणी पर जल्द माफी मांगे।



सोनीपत। दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल परिसर में पेन डाउन हड़ताल पर बैठी नर्सिंग स्टाफ सदस्य।

### ये है मामला

बता दें कि महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने 7 मई को कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल में एक 15 वर्षीय किशोरी से कथित दुष्कर्म के मामले में निरीक्षण करने पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने पीड़िता के साथ अस्पताल प्रबंधन का भी पक्ष जाना था। उन्होंने मामले में कुछ टिप्पणी करने के साथ स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर, तीन नर्सिंग अधिकारियों के निलंबन के लिए पत्र लिखकर सिफारिश करने की बात कही थी। इसके अलावा अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ पर आरोपी से मिलीभगत के आरोप भी लगाए थे। नर्सिंग स्टाफ कर्मचारियों का कहना है कि निरीक्षण के दौरान चेयरपर्सन की ओर से की गई टिप्पणी, अगर आपकी बेटी होती, तो क्या उसे 15 मिनट अकेला छोड़ देते, पूरे नर्सिंग स्टाफ को कटघरे में खड़ा करने वाली है। उधर मामले में प्रदेशभर के कई जिलों में नर्सिंग स्टाफ चेयरपर्सन की टिप्पणी पर एक होने लगा है। नर्सिंग स्टाफ की मांग है कि आयोग चेयरपर्सन सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। अगर उनकी मांग को अनदेखा किया जाता है, तो प्रदेशभर का नर्सिंग स्टाफ आंदोलन शुरू करने पर मजबूर होगा।

---



याद बहुत आते हैं वो दिन...

# माता-पिता ने काबिल बनाया, तो सैकड़ों युवाओं के सपनों को लगाए पंख

## ऊषा भंडारी ने शिक्षक बन संवारा युवाओं का भविष्य

वर्ष 2006 में सोनीपत आईटीआई से प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त ऊषा भंडारी की पहचान आज जिलेभर में किसी से छिपी नहीं हैं। माता-पिता ने उन्हें काबिल बनाया, तो उन्होंने भी युवाओं के सपनों को पंख लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आईटीआई में बतौर लैंग्वेज टीचर रहते हुए कई युवाओं को सरकारी नौकरी तक पहुंचाकर उनके जीवन में उजाला लाने का काम किया। इतना ही नहीं, पिता आरएन टंडन ने सफलता की सीढ़ी चढ़ाया, तो ऊषा भंडारी ने समाजसेवा के पथ पर चलकर समाज की आर्थिक रूप से कमजोर करीब 400 बेटियों के घर बसाने में भी मदद की। ऊषा भंडारी बताती हैं कि उनका जन्म 23 अगस्त 1948 को पंजाब के फाजिल्का में हुआ। पिता आरएन टंडन राजकीय विद्यालय में प्राचार्य पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे, जबकि माता शांति देवी गृहिणी थी। छह भाई-बहनों में ऊषा चौथे नंबर की संतान थी, जो हमेशा अपने भाई-बहनों की लाडली रही। साधन संपन्न परिवार से हमेशा उच्च शिक्षा हासिल करने की प्रेरणा मिली। इसी के चलते बड़े भाई आरके टंडन नेवी से सेवानिवृत्त हैं, छोटा भाई भी नेवी में हैं, जबकि बहनें रमा, शशि, वीणा एमए, बीएड हैं। पिता के नौकरी में तबादले के चलते उन्होंने गुरुग्राम से मेट्रिक की परीक्षा पास की। कुरुक्षेत्र स्थित गर्व. इंटनेशनल स्पोर्ट्स महिला कॉलेज से 11वीं-12वीं, रोहतक राजकीय कॉलेज से वर्ष 1968 में बीए की डिग्री हासिल की। खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय से बीएड की डिग्री लेने के साथ वर्ष 1969 में ऊषा भंडारी को बैस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड से भी नवाजा गया। इसके बाद 1975 में ऊषा भंडारी का सोनीपत आईटीआई में स्टैनो इंस्पेक्टर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे बीके भंडारी के साथ विवाह हुआ। संतान सुख प्राप्त होने के बाद ऊषा भंडारी ने उन्हें भी काबिलियत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



### शिक्षिका के साथ समाजसेवा का जागा जुनून



ऊषा भंडारी ने बताया कि जब वह लैंग्वेज टीचर के पद पर कार्यरत थी, जो उन्होंने कुछ आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का पूरा मार्गदर्शन करने का निर्णय लिया। इनमें से ज्यादा बच्चे आज सरकारी पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अपने बच्चों की सफलता के बाद ऊषा भंडारी ने समाजसेवा के जज्बे को बढ़ाते करीब 25 साल पहले समाजसेवी के तौर पर अपनी पहचान को बढ़ाया।

### ऊषा भंडारी की उपलब्धियां

- महिला समाजसेवी के तौर पर करीब 200 सामाजिक संस्थाओं से सम्मान प्राप्त कर चुकी हैं।
- वर्ष 2009 में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने वूमैन अचीवर अवॉर्ड से नवाजा।
- वर्ष 2014 में केंद्रीय विद्युत मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लाइन टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया।
- महिला उत्थान समिति के माध्यम से आज करीब 400 युवतियों का विवाह करवाकर उनके नए जीवन की शुरुआत करवा चुकी हैं।
- छह साल पहले सरकार ने इंटरनल कंप्लेट कमेटी (आईसीसी) का सदस्य नियुक्त किया।
- आईजी ने कारागार में, सरकार ने पॉलटैक्निक, आईटीआई में जांच के लिए सोशल एक्टिविस्ट की जिम्मेदारी सौंपी।
- करीब 8 साल तक कन्या भ्रूण हत्या पर लगाम लगाने के लिए मैंबर ऑफ कमेटी में सदस्य के तौर पर अपनी भूमिका निभाई।
- इंटरनेशनल इनर व्हील क्लब में 25 साल से सदस्य हैं, पूर्व प्रधान, जिला वरिष्ठ उपप्रधान पद पर रह चुकी हैं।
- वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की महिला प्रधान, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के 100 से ज्यादा क्लबों की सदस्य हैं।

### समाज में हम सब किराएदार, मकान मालिक नहीं, का संदेश दे रही शालू त्यागी

बच्चों की सफलता के लिए वर्ष 2000 में अपने टीचिंग पेशन का त्याग करने वाली शालू त्यागी आज शहर में समाजसेवा की मूर्त हैं। उनका कहना है कि समाज में हम सब किराएदार हैं, मकान मालिक नहीं। यहीं संदेश लेकर वह समाज को जागरूक करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने अपने हमेशा अपने पिता के साथ रहकर जीवन की कठिनाईयों से रूबरू होना सीखा। साथ ही माता-पिता ने मेहनत के बल पर कामयाबी की राह दिखाई। वह युवाओं को यही सीख देना चाहती हैं कि जिस प्रकार पेड़ से पत्ते तोड़ना आसान है, लगाना मुश्किल। उसी भांति स्वस्थ रहकर निष्काम सेवा करें। मोबाइल व बदले लाइफ स्टाइल से शरीर को बीमारियों का घर न बनाएं। शालू त्यागी ने बताया कि उनका जन्म वर्ष 1974 में चरखी दादरी में हुआ। पिता सतपाल त्यागी कृषि अधिकारी थे, माता श्याम त्यागी गृहिणी थी। 3 भाई-बहनों में वह तीसरे नंबर पर थी। बड़े भाई प्रदीप फरीदाबाद में कारागार विभाग में, बहन हेमलता मुरादाबाद में हैं। प्रारंभिक पढ़ाई चरखी दादरी के निजी स्कूल में हुई, 1989 में उन्होंने मेट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। पिता के तबादले के बाद पानीपत के आर्य कॉलेज से बीए की डिग्री हासिल की। शालू त्यागी ने बताया कि घर में काम करने वाली महिला की तीन बेटियों को अच्छी सीख देने के साथ उन्हें बेटियों के समान मानकर उनका विवाह में सहयोग कर समाजसेवा को शुरू किया। इन कार्यों से मन को संतुष्टि मिली, तो समाजसेवा को जीवन का ध्येय बना लिया। इसके अलावा वह विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ जुड़कर लोगों को हेल्पिंग हेंड का संदेश दे रही हैं।



---

### अवैध हथियार के साथ पानीपत का युवक गिरफ्तार

सोनीपत। शहर थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान प्रदीप निवासी गांव बुड़शाम, जिला पानीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 8 जून को मुख्य सिपाही मंदीप अपनी टीम के साथ ककरोई रोड क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि प्रदीप सेक्टर-23 मोड़ के पास अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर युवक तेजी से वहां से निकलने का प्रयास करने लगा, लेकिन उसे काबू कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसकी लोअर की जेब से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई। पूछताछ में वह हथियार का कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका। इसके बाद थाना शहर सोनीपत में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### पीएम मोदी के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में की उल्लेखनीय प्रगति : कौशिक

गन्नौर। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक ने भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा के सदस्यों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर चर्चा की गई। मोहनलाल कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और भारत विश्व स्तर पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने भारत विकास परिषद के सेवा, संस्कार और सामाजिक जागरण से जुड़े कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर योगेश कौशिक, विकास भगवती, निशा कौशिक, राजकुमार अग्रवाल, अंकित त्यागी, मनीषा जैन, भावना, अमित बत्रा, डॉ. राजेश शर्मा, नरेंद्र पतंजलि, संदीप जैन, दीपिका शर्मा, अलका गुप्ता, निशि पाहुजा, चारु चांदना और राजेश चौहान सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।



### शुरू हुआ ड्रेन कवर करने का काम, मेयर ने किया निरीक्षण

सोनीपत। ड्रेन नंबर 6 को ढकने के अधूरे पड़े कार्य को पूरा करने का काम लम्बे समय के बाद शुरू हो गया है। ड्रेन के पांच जॉइंट जोड़ने पर लगभग 10 करोड़ रूपये की लागत आएगी और 2 माह में काम पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने चल रहे कार्य का निरीक्षण करते हुए बताया कि ड्रेन नंबर 6 को कवर करने का काम वर्ष 2017 में लगभग 110 करोड़ रूपये की लागत से शुरू हुआ था। ड्रेन का काम 90 प्रतिशत पूरा हो चुका था परन्तु लम्बे समय से शहर के बीचो बीच पांच पुलों को जोड़ने का काम अधूरा पड़ा था। मेयर जैन ने बताया कि ड्रेन का काम कर रही गावड़ कंस्ट्रक्शन कम्पनी पहले काम पूरा करने के लिए मना कर रही थी परन्तु कई दौर की बातचीत के बाद कम्पनी ने हामी भरी। स्थानीय निकाय विभाग के मुख्यालय से भी कम्पनी से काम पूरा करवाने के लिए मंजूरी ली गई।



रौनक स्कूल में हुए टूर्नामेंट में आठ टीमों ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन

# गन्नौर चैंपियंस ने गन्नौर रॉयल्स को 14 रन से हराया, एक लाख रुपये पुरस्कार व ट्रॉफी कब्जाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

रौनक पब्लिक स्कूल क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित गन्नौर प्रीमियर लीग (जीपीएल) सीजन-1 का रोमांचक समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में गन्नौर चैंपियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गन्नौर रॉयल्स को 14 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को एक लाख रुपये नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को 70 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा नेता माईराम कौशिक, निशांत छोक्कर तथा रौनक पब्लिक स्कूल की प्राचार्या रजनी शर्मा उपस्थित रहीं। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गन्नौर चैंपियंस ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाए। टीम की ओर से अंश कुमार ने 34 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि रौनक ने नाबाद 16 और संचित लूथरा ने नाबाद 11 रन बनाए। गन्नौर रॉयल्स की ओर से रुदेर सैनी और हर्ष रापड़िया ने दो-दो विकेट लिए। 88 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गन्नौर रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में 73 रन पर सिमट गई। ईमेल ने 19, दक्ष गुलाटी ने 16 और कार्तिक शरावत ने 14 रन बनाए। गन्नौर चैंपियंस के गेंदबाज तेजस कंवल ने मात्र छह रन देकर चार विकेट झटककर मैच का रुख बदल दिया। पूरे टूर्नामेंट में आठ टीमों ने भाग लिया आयोजन समिति, आरपीएस स्पोर्ट्स क्लब और रौनक पब्लिक स्कूल परिवार ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों, अभिभावकों, कोचों, प्रायोजकों और खेल प्रेमियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।




गन्नौर। विजेता गन्नौर चैंपियंस टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार राशि प्रदान करते अतिथि।

## न्यूज डायरी

### रक्तदाताओं को धनराशि देने के फैसले पर सवाल

सोनीपत। रक्तदान शिविरों में प्रत्येक रक्तदाता को 1100 रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा के बाद सामाजिक संस्थाओं और रक्तदान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने इस पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि रक्तदान मानवता की सेवा और निःस्वार्थ भाव से किया जाने वाला महादान है, जिसे आर्थिक प्रलोभन से नहीं जोड़ना चाहिए। हरियाणा रेडक्रॉस सब कमेटी के सदस्य प्रेम गौतम ने कहा कि वे मंत्री अनिल विज का सम्मान करते हैं, लेकिन रक्तदाताओं को धनराशि देना रक्तदान की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि सरकार को राशि देने के बजाय ब्लड बैंकों में उपकरण, ब्लड कंपोनेंट मशीनें, रक्त संग्रहण और परिवहन जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। प्रेम गौतम ने बताया कि संसाधनों की कमी के कारण कई रक्तदान शिविर प्रभावित हुए हैं।



### वाहन की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल

सोनीपत। गांव बैंयापुर-ककरोई मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि उसके पति की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें दिल्ली के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया है। सदर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ककरोई निवासी नवीन ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी माता जयश्री और पिता जगदीश चंद्र दवाई लेने के लिए सोनीपत के एक अस्पताल में आए थे। इसी दौरान हादसा हुआ।

### घर लौट रहे चौकीदार पर लाठी-डंडों से हमला

सोनीपत। सोनीपत के सदर थाना क्षेत्र में रात की शिफ्ट खत्म कर सुबह अपने घर लौट रहे एक चौकीदार पर आधा दर्जन युवकों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। दो बाइकों पर सवार होकर आए हमलावरों ने बीच रास्ते में पीड़ित को रोका और लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायल चौकीदार को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

गोहाना। थाना सदर गोहाना की पुलिस टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित गांव कोहला निवासी अमन पुत्र जयपाल है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसके आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थाना सदर गोहाना में नियुक्त मुख्य सिपाही राजेन्द्र अपनी पुलिस टीम के साथ 8 जून 2026 को गश्त के दौरान गांव बिचपड़ी में मौजूद थे। तभी उनको खुफिया जानकारी मिली कि गांव कोहला निवासी अमन पुत्र जयपाल के पास अवैध हथियार है। वह गांव बिचपड़ी से बुटाना मार्ग पर किसी के इतंजार में खड़ा है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे काबू कर लिया। पुलिस ने तलाशी में उसके पास से एक अवैध देशी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद किया।